




## एक नजर में



### कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे राजधानी

**बुधनी.** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को भोपाल में कांग्रेस पार्टी द्वारा किसान महाचौपाल का आयोजन किया गया. इस आयोजन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, नेता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ता रवाना हुए. किसान महाचौपाल को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संबोधित किया. कार्यक्रम में कांग्रेस नेत्री कंचन शर्मा, सौरभ दुबे लक्की, हरीश मालवीय, संजय शर्मा, राजेंद्र यादव, अजय यादव, आमिर पटेल, अजय यादव, भूपेंद्र निमोदा, संतोष यादव, मोहन सिंह भाबर उपस्थित थे.



### अनियमितताएं पाए जाने पर सरपंच और सचिव को नोटिस

**आष्टा.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में संचालित गौशालाओं में व्यवस्थाओं के संचालन के उद्देश्य से गौशालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है. आष्टा जनपद सीईओ अमित व्यास ने ग्राम पंचायत खजुरिया जावर में मनरेगा योजना के तहत निर्मित गौशाला का निरीक्षण किया. गौशाला में पेयजल एवं साफ-सफाई व अनियमितताएं पाई गई. सीईओ व्यास द्वारा सरपंच मायाबाई विश्वकर्मा और सचिव महेन्द्र सिंह ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं. निरीक्षण के दौरान कलस्टर प्रभारी सुमतलाल करोलिया एवं उपयंत्री दीक्षा नागर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### संत गाडगे रजक कल्याण समिति ने मनाई जयंती

**सीहोर.** स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती रजक समाज द्वारा उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई. इस दौरान समाज के पुरण लाल मालवीय, जमना प्रसाद मालवीय इमरत लाल मालवीय, मुकेश बड़ोदिया ने संत श्री की जीवनी पर प्रकाश डाला. इस मौके पर श्याम मालवीय, अनिल मालवीय, गोविंद मालवीय, गिरधारी मालवीय, संदीप मालवीय, राकेश मालवीय, शुभम मालवीय, सोनू मालवीय, अमन रजक, धर्मेंद्र मालवीय, राहुल मालवीय, प्रकाश मालवीय, विनोद मालवीय, रितिक मालवीय, प्रिंस मालवीय सहित समाजजन उपस्थित थे. इसी प्रकार आष्टा में भी संत गाडगे बाबा का जन्म दिवस मनाया गया. जिसमें पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, बाबूलाल बिलोर, कैलाश बंजरिया, देवी प्रसाद करोरिया, रमेश बिल्लोरे, संतोष मकरैया, डॉ. शंकर लाल मकरैया, सुरेश बिल्लौरे, सुमित लाल करोरिया सहित अन्य सामाजिक बंधु और महिलाएं उपस्थित रहीं.



### संकल्प से समाधान अभियान के तहत लग रहे शिविर

**अहमदपुर.** जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले के बनखेड़ा, अहमदपुर और श्यामपुर में शिविर आयोजित किया गया. शिविर में अनेक विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन प्राप्त कर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई. जनपद सीईओ नमिता बघेल एवं तहसीलदार श्याम चंदेले ने बताया कि अभियान 31 मार्च तक चार चरणों में संचालित होगा.



### पात्र हितग्राहियों के नाम हटाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**भैरुंदा.** प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली और पात्र गरीबों के नाम सूची से काटे जाने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील गोलिया के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने जनपद सीईओ संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा और राजनीतिक द्वेषपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया. कांग्रेस का कहना है कि भैरुंदा, गोपालपुर और लाड़कई क्षेत्र के कई ग्रामों में उन पात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं, जो कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हैं. शासन की योजना का लाभ हर गरीब को मिलना चाहिए. राजनीतिक द्वेषवश गरीब का हक छीना जाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने सीईओ श्री अग्रवाल से मांग की कि नामों के कटने की पारदर्शी जांच की जाए. हटाए गए पात्र हितग्राहियों के नाम अति शीघ्र सूची में पुन: जोड़े जाएं, बिना किसी पूर्व सूचना के नाम हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगे. अन्यथा ब्लॉक कांग्रेस आंदोलन करेगी. इस मौके पर चंदर मीणा, सुभाष पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# बाजारों में दुकानों पर सांची के नाम पर जहर

## बीती रात जावर थाना क्षेत्र में संचालित हो रही नकली घी की फैक्ट्री का भांडाफोड़, संचालक फरार





**आष्टा.** स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बीती रात डोडी स्थित एक मकान में संचालित हो रही नकली घी की फैक्ट्री को पकड़ा गया. यहां से बड़ी संख्या में सांची घी के रैपर और नकली घी भी बरामद किया गया है.

- **छापामार कार्रवाई में 792 नकली घी व रैपर बरामद**
- **किराए के मकान में संचालित हो रही थी नकली घी की फैक्ट्री**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर/आष्टा 24 फरवरी मध्यप्रदेश के सबसे भरोसेमंद डेयरी ब्रांड सांची के नाम पर खुलेआम जनता की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा था और वो भी सीहोर के बाजार में! बीती रात स्थानीय प्रशासन ने जिले के जावर तहसील के ग्राम डोडी में चल रही एक अवैध फैक्ट्री पर छापा मारकर उस गंदे खेल का पर्दाफाश किया है, जिसमें लालच ने इंसानियत को पूरी तरह कुचल दिया.**

प्रशासन द्वारा बीती रात की गई छापामार कार्रवाई के दौरान करीब 792 किलो नकली घी बरामद हुआ है. यह घी किसी डेयरी प्लांट में नहीं, बल्कि वनस्पति घी और संदिग्ध रसायनों को मिलाकर तैयार किया जा रहा था. ऊपर से पैकिंग ऐसी कि आम आदमी क्या, समझदार दुकानदार भी धोखा खा जाए. हूबहू सांची के रैपर, डिब्बे और ब्रांडिंग सब कुछ ऐसा कि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल था. प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया है और संचालक से लाइसेंस व फूड सेफ्टी से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं. यदि दस्तावेज वैध नहीं पाए गए, तो आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और खाद्य अपमिश्रण अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. लेकिन सवाल यह है क्या सिर्फ फैक्ट्री सील कर देने से बात खत्म हो जाएगी? बाजार में जो दुकानदार इस खेल का हिस्सा बने, क्या उन पर भी शिकंजा कसेगा? और सबसे अहम, जिन लोगों की थाली में यह मिलावटी घी पहुंच चुका है, उनकी सेहत की जिम्मेदारी कौन लेगा?

नकली घी की फैक्ट्री का पर्दाफाश होने के बाद लोगों में आक्रोश बना हुआ है. उनका कहना है कि भरोसे के नाम पर धोखा देने वाले आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिले.

### आरोपी ने मकान किराए पर ले रखा था

यह काला कारोबार जावर तहसील के डोडी गांव में एक किराए के मकान में धड़ल्ले से चल रहा था. कार्रवाई का नेतृत्व जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा और खाद्य निरीक्षक कीर्ति मालवीय ने किया. जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, फैक्ट्री संचालक गौरव वर्मा फरार हो गया जो खुद उसकी करतूतों की गवाही दे रहा है. मकान डोडी निवासी मानसिंह सेंधव का बताया जा रहा है, जिसे आरोपी ने किराए पर ले रखा था.

### अंदर का नजारा चौंकाने वाला था

प्रशासन की टीम जब नकली घी बनाने की फैक्ट्री के अंदर दाखिल हुई तो वहां का नजारा काफी चौंकाने वाला था. नकली घी से भरे डिब्बे, वनस्पति के टीन, फर्जी रैपर और पैकिंग सामग्री का जखीरा. साफ था कि यह कोई छोटा-मोटा काम नहीं, बल्कि संगठित गिरोह की सुनियोजित साजिश थी. चौंकाने वाली बात यह है कि यह नकली घी सीहोर शहर सहित तहसील मुख्यालयों के बाजारों में बेचा जा रहा था. कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर स्वीकार किया कि भारी मांग और ज्यादा मुनाफे के लालच में कुछ लोग इस मिलावटी घी को असली बताकर बेच रहे थे. चंद रुपयों के लालच में लोगों की सेहत को दांव पर लगा दिया गया. सोचिए, जिस ब्रांड पर लोग आंख बंद कर भरोसा करते हैं, उसी नाम पर मिलावट का जहर परोसा जा रहा था. त्योहारों और शादी-ब्याह के मौसम में यह घी कितने घरों तक पहुंचा होगा, इसका अंदाजा लगाना भी डरावना है.

## एसडीएम ने बुजुर्ग मां को दिलाया अधिकार



**सीहोर.** ग्राम पीपलिया मीरा निवासी श्रीमती कमला बाई ने अपने भरण-पोषण के लिए जब कानून का दरवाजा खटखटाया तो यह मामला केवल एक पारिवारिक विवाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के सामने बुजुर्ग माता-पिता की स्थिति का एक वास्तविक चित्र भी प्रस्तुत करता है. पति के निधन के बाद उन्होंने अपने पुत्र के सहारे जीवन यापन की उम्मीद की थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनी कि उन्हें अपने ही घर से अलग रहना पड़ा और भरण-पोषण के लिए दूसरों पर निर्भर होना पड़ा. बेबस मां कमला बाई ने एसडीएम तन्मय वर्मा को बताया कि पिछले एक वर्ष से उनके पुत्र संजय द्वारा उन्हें घर में नहीं रहने दिया जा रहा है तथा उनकी भूमि के उपयोग में भी बाधा उत्पन्न की जा रही है. भरण-पोषण की व्यवस्था न होने के कारण उन्हें रिश्तेदारों के यहां रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है. एसडीएम श्री वर्मा ने तत्काल पुत्र को न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया. सुनवाई के दौरान जब पुत्र माता का भरण पोषण नहीं करने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाया, तब न्यायालय ने उसे अपनी माता को प्रतिमाह 1500 रुपए भरण-पोषण राशि देने के आदेश दिए.

## दो शातिर बाइक चोरों को पुलिस ने पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 24 फरवरी.** पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है. ये बदमाश पलक झपकते ही बाइक लेकर फरार हो जाते थे. इन बदमाशों पर कई जिलों के थानों में गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.

जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को फरियादी राजेश मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक सेमनरी रोड स्थित साहू गार्डन के पास से अज्ञात बदमाश चुरा ले गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई. टीम द्वारा घटना स्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरे के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान करते हुए आरोपी अनिल



आ. बद्रीनाथ, विनोद पिता बद्रीनाथ राठौर निवासी ग्राम खड़ीहाट थाना पार्वती को चोरी गई बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के विरुद्ध चोरी, नकाबजनी, अवैध शराब परिवहन व मारपीट के अपराध देवास, भोपाल, इंदौर व राजगढ़ के थानों मं दर्ज बताए जाते हैं. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है. इस कार्रवाई में जगदीश धुर्वे, मेहरवान, शुभम मेवाड़ा की भूमिका रही.

## शहर के प्रमुख चौराहों पर दिखेगा डिजिटल सीहोर

- **नपा शहर के आधा दर्जन स्थानों पर लगा रही स्क्रीन**
- **प्रमुख चौराहों पर मिलेगा लाइव समाचार और विज्ञापन मंच**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 24 फरवरी.** शहर को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में नपा ने एक नई पहल की है. अब महानगरों की तर्ज पर शहर के प्रमुख स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन स्थापित की जाएंगी.

इन स्क्रीन के माध्यम से जहां एक ओर समाचारों का सतत प्रसारण होगा, वहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भी निर्धारित शुल्क देकर अपने प्रतिष्ठान, उत्पाद एवं सेवाओं का प्रचार-प्रसार करने का अवसर मिलेगा. शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी स्क्रीन पर नियमित रूप से प्रदर्शित की जाएगी.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि कुल छह स्थानों का चयन किया गया है, जिनमें नया बस स्टैंड, नदी चौराहा, भोपाल नाका, तहसील चौराहा, गणेश मंदिर क्षेत्र और मंडी क्षेत्र शामिल हैं. योजना के तहत 10 वाय 6 फीट आकार की चार स्क्रीन तथा 12वाय 8 फीट आकार की दो बड़ी स्क्रीन स्थापित की जाएंगी. प्रत्येक एलईडी स्क्रीन की अनुमानित लागत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है. इस प्रकार पूरी परियोजना पर लगभग 60 लाख रुपये का व्यय संभावित है.

इन स्क्रीन को चयनित स्थानों पर 12 फीट से अधिक ऊंचाई पर लगाया जाएगा, ताकि यातायात में बाधा न हो और दूर से भी स्पष्ट



दृश्यता बनी रहे. इससे शहर में सूचना प्रसारण की नई व्यवस्था विकसित होगी, जो नागरिकों के लिए उपयोगी साबित होगी.

नपाध्यक्ष राठौर के अनुसार, इन एलईडी स्क्रीन पर स्थानीय, राष्ट्रीय व महत्वपूर्ण समाचारों का नियमित प्रसारण किया जाएगा. आपात परिस्थितियों में महत्वपूर्ण घोषणाएं भी इन्हीं माध्यमों से तत्काल प्रसारित की जा सकेंगी. राठौर का कहना है कि व्यापारियों के लिए भी यह पहल लाभकारी मानी जा रही है. छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायी भी निर्धारित शुल्क अदा कर अपने प्रतिष्ठान का विज्ञापन शहर के प्रमुख चौराहों पर प्रदर्शित कर सकेंगे.

## 12 घंटे में नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

**शाहगंज.** पुलिस द्वारा अपहरत नाबालिग बालिका को 12 घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी. जांच के दौरान पुलिस ने नाबालिग बालिका को 12 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया. इस कार्रवाई में निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान, पूनम राय, दिनेश गठोले, योगेश, प्रीति की अहम भूमिका रही.

## प्रशिक्षण में सीखे सफलता पाने के तरीके



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 24 फरवरी.** आरएके कृषि महाविद्यालय में एससी विद्यार्थियों एवं फैकल्टी मे बेर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया.

इस दौरान निदेशक कुशल राउत व वरिष्ठ प्रशिक्षक अनोज निसाल, डॉ. एससी गुप्ता मौजूद थे. प्रशिक्षण में वृत्ति, प्रेरणा, आत्मविश्वास, स्वॉट विश्लेषण, संचार कौशल, प्रस्तुति कौशल, समूह चर्चा कौशल, व्यक्तिगत साक्षात्कार कौशल, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन और सोशल मीडिया एटिकेट्स सहित अन्य प्रासंगिक विषयों पर ध्यान केंद्रित कर मार्गदर्शन दिया गया.

इस अवसर पर डॉ. आईएस नरुका, डॉ. जीएस गठिये, डॉ. डीके पयाशी, डॉ. बीआर बरैया, डॉ. राकेश, वर्षा धुर्वे, डॉ. भरत लाल, डॉ. ललिता नरगावे एवं डॉ. आराधना ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## पुलिस की तत्परता से बची युवक की जान

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 24 फरवरी.** एक बार फिर पुलिस ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है. ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों ने त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया. जिससे उसकी जान बच सकी.

बीती रात नर्मदा नदी पुल के पास ड्यूटी पर तैनात गैंगमैन द्वारा सूचना दी गई कि रेल पटरी के समीप एक युवकघायल अवस्था में पड़ा हुआ है. सूचना पर पुलिस के रात्रि गश्त अधिकारी नरेंद्र चौरे, प्रकाश बरखने एवं एफआरवी चालक ओकेश घटना स्थल पर पहुंचे. काफी देर की खोजबीन के बाद युवक झाड़ियों में घायल अवस्था में मिला. डायल-112 वाहन से घायल युवक को सिविल अस्पताल लाया गया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर युवक की हालत गंभीर होने पर नर्मदापुरम रेफर कर दिया गया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक की पहचान हेमंत विश्वकर्मा आ. लालाराम निवासी भोपाल अपने अंकल राधेश्याम कुशवाह के साथ आया था, जहां सेंटिंग का कार्य चल रहा था. फिलहाल युवक किन परिस्थितियों में घायल हुआ, यह स्पष्ट नहीं हो सका है.

**आक्रोश** परिवहन की नई नीति से बस ऑपरेटर आक्रोशित, दी हड़ताल की चेतावनी

# चेतावनी! दो मार्च से थम जाएंगे समस्त यात्री बसों के पहिए

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 24 फरवरी.** मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा के शुरू होने से पहले ही इसका विरोध तेज हो गया है. परिवहन की नई नीति से नाराज जिले व प्रदेश के बस संचालक विरोध प्रदर्शन पर उतर आए हैं.

पिछले दिनों सागर में प्रदेशभर के बस ऑपरेटर्स ने एकत्रित होकर चेतावनी दी है कि जारी राजपत्र में जारी संशोधन को समाप्त नहीं किया तो 2 मार्च से जिले सहित प्रदेशभर में बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा. बस ऑपरेटर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे. जिलेभर से करीब 300 बसों का संचालन होता है. मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन की तरफ से स्थानीय प्रशासन को भी सूचना दी गई है. इसमें मुख्य रूप से तीन मांगें की गई हैं. यह कि 24 दिसंबर 25 के राजपत्र में संशोधन के प्रारूप को वापस लिया जाए और 29 जनवरी 26 को राजपत्र में किए गए संशोधित प्रकाशन को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए. साथ ही वर्तमान में जिस अवस्था में बस संचालन किया जा रहा है, उसे यथावत रखा जाए. मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन के विवेक राठौर ने बताया कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश भर के सभी बस संचालकों के परमिट निरस्त कर कंपनी के नाम से बसों का संचालन करवाया जाए. इससे बस ऑपरेटरों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा. कई लोग बेरोजगार हो जाएंगे. यात्रियों को किराया भी अधिक देना पड़ सकता है. इन्हीं सभी बातों को लेकर सीहोर सहित प्रदेशभर के 54 जिलों के पदाधिकारियों की बैठक में विरोध की रणनीति तय की गई है. सोमवार को जिला मुख्यालयों पर शासन-प्रशासन के नाम पत्र भी दे दिए गए हैं. उनका कहना है कि यदि 1 मार्च तक हमारी मांगें नहीं मानी गई तो 2 मार्च से सीहोर जिले से संचालित होने वाली करीब 300 से ज्यादा बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा. यदि बसों संचालन बंद होता है तो यात्रियों की मुश्किलें बढ़ जाएगी. होली सहित अन्य त्योहारों के चलते सड़क मार्ग से बस से सफर की प्लानिंग कर बैठे लोगों को परेशानी झेलना पड़ेगी. इन्हें रेल या अन्य वाहनों के साधन पर निर्भर होना पड़ेगा.




## शिविर में 67 दिव्यांग बच्चों ने कराया पंजीयन

**आष्टा.** जिले के शून्य से 18 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों में स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा. शिविरों में जिला मेडिकल बोर्ड एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा सभी संभावित दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग एवं प्रमाणन सुनिश्चित किया जा रहा है.आष्टा जनपद पंचायत में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया. शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग कर चिन्हांकन किया गया. शिविर में कुल 67 दिव्यांग बच्चों ने पंजीयन कराया.